# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स स्कूल

**नवनीति एडजेसंट अपार्टमेंट पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२५-२०२६**

| कक्षा:-7 | विषय: कहानी संचय | पाठ:1 |
|---|---|---|

**कहानी संचय**

**कक्षा 7 (पाठ -1)**

**प्रश्न 1. लेखक ज़फ़र मियाँ के सैलून में क्यों गए थे ?**

**उत्तर -लेखक जफ़र मियाँ के सैलून में हजामत बनवाने गए थे।**

**प्रश्न 2.लेखक का स्वागत ज़फ़र मियाँ ने कैसे किया ?**

**उत्तर- लेखक का स्वागत ज़फ़र मियाँ ने कुरसी बिछाकर तथा बाहर दुकान से चाय का प्याला देकर किया।**

**प्रश्न 3. ज़फ़र मियाँ के किस गुण ने लेखक को प्रभावित किया ?**

**उत्तर - ज़फ़र मियाँ की अपने काम के प्रति ईमानदारी और तल्लीनता के गुण ने लेखक को प्रभावित किया।**

**प्रश्न 4.ज़फ़र मियाँ ने लेखक को कुछ देर क्यों बैठाए रखा था?**

**उत्तर- ज़फ़र मियाँ ने लेखक को कुछ देर इसलिए बैठाए रखा क्योंकि जब लेखक सैलून में पहुँचे थे, तब ज़फ़र मियाँ एक आदमी की हजामत बना रहे थे और आरा चलाने वाले दो मज़दूर पहले से ही वहाँ बैठे थे।**

**प्रश्न 5.राष्ट्र की जीवन-शक्ति का वास्तविक मापदंड क्या है?**

**उत्तर- 'हर एक  नागरिक में अपने काम के लिए चाव, श्रम के प्रति श्रद्धा और पेशे के प्रति ईमानदारी के भाव का जागरण ही राष्ट्र की जीवन शक्ति का सर्वोत्तम मापदंड है।'**